हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 अप्रैल 2024

11 सेपक टकरा चैंपियनशिप में हरियाणा ने जीता रजत



12 वेतनमान को लेकर फिर लामबंद हुए क्लर्क



## खबर संक्षेप

### तिगड़ाना में रक्तदान शिविर सात अप्रैल को

**भिवानी।** रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है, क्योंकि दान के रूप में दी गई रक्त की चन्द बूंदें किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करती हैं। आयोजक राहुल तंवर ने बताया कि गांव तिगड़ाना के बाबा परमहंस बिचला मंदिर में सात अप्रैल को सुबह 9 से दो बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### आग लगने से प्लॉट में खड़ी स्कूटी जली



**भिवानी।** बैंक कॉलोनी इलाके में प्लाट में खड़ी स्कूटी में आग लग गई। आग लगने से पहले स्कूटी में जबरदस्त धमाका हुआ। गौतम ने बताया कि उसने अपने प्लाट में शाम को नौ बजे सही तरह से स्कूटी को खड़ा किया था। रात को ही उसके पास फोन आया कि एक धमाके के साथ स्कूली धू धू कर जल रही है। वह मौके पर पहुंचा तो स्कूटी पूरी तरह से जल चुकी थी। स्कूटी से संबंधित सभी कागजात आग में जलकर राख हो गए।

### स्काऊट्स को खेल के प्रति किया प्रेरित

**भिवानी।** गांव जमालपुर के खेल स्टेडियम में गत दिवस हरियाणा राज्य भारत स्काऊट्स एंव गाइड्स की ईकाई भिवानी ओपन स्काऊट्स ग्रुप द्वारा स्काऊट्स को खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया गया। ग्रुप लीडर पवन कुमार ने कहा कि युवाओं को खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए, जिससे स्वस्थ शरीरिक एवं मानसिक विकास हो सके। उन्होंने स्काऊटिंग की जानकारी दी। इस मौके पर रोवर मोहित, रोहित, दीपक, मनीष, सुमित, अजय, सागर, विकास सहित अनेक स्काऊट्स एवं रोवर मौजूद रहे।

### आस्था स्पेशल स्कूल में ऑटिज्म पर कार्यशाला

**भिवानी।** आस्था स्पेशल स्कूल में ऑटिज्म डे पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका सुमन शर्मा ने ऑटिज्म के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर मस्तिष्क में अंतर के कारण होने वाली विकासात्मक विकलांगता है। एएसडी वाले लोगों को अक्सर सामाजिक संचार एवं बातचीत, और प्रतिबंधित या दोहराव वाले व्यवहार या रुचियों में समस्याएं होती हैं। शिशुओं में ऑटिज्म के शुरूआती लक्षणों में आंखों का सीमित संपर्क, सामाजिक मेल-जोल में कठिनाई जैसे वापस मुस्कुराना नहीं, विकासात्मक मील के पत्थर तक पहुंचने में देरी जैसे बड़बड़ाना और कल्पनाशील खेल में शामिल होना शामिल हो सकते हैं। इस मौके पर दिव्यांग बच्चे, स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूलों में पहली बार बच्चों के दाखिले के लिए मेल आईडी जरूरी

# ‘मेल’ नहीं तो दाखिला पंजीकरण ‘फेल’

- फैमिली आईडी के बिना पोर्टल पर पंजीकरण नहीं होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



पहली बार सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिले के लिए मेल आईडी जरूरी की है। अगर किसी बच्चे के अभिभावक के पास मेल आईडी नहीं है तो उसके बच्चे का शिक्षा विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण नहीं हो पाएगा।

साथ ही शिक्षकों के लिए बच्चों के फैमिली आईडी भी अच्छी खासी परेशानी का कारण बनती जा रही है। फैमिली आईडी के बिना पोर्टल एक स्टैप भी आगे नहीं चल पा रहा है। इसको लेकर शिक्षकों में परेशानी बनी है।

शिक्षा विभाग ने पहली बार सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के लिए मेल आईडी निहायत जरूरी की है। अगर किसी बच्चे के माता व पिता की मेल आईडी नहीं है तो उस बच्चे का एमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण ही नहीं हो पाएगा। शिक्षक एमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण की सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आखिर में बिना मेल आईडी के बच्चे का पंजीकरण फेल दिखा रहा है। यह समस्या किसी एक शिक्षक या बच्चे के पंजीकरण के वक्त नहीं बल्कि सभी बच्चों के दाखिले के वक्त समस्या बन रही है।

### अभिभावकों के लिए परेशानी बनी शर्त

स्कूल में दाखिला पाने आने वाले नए बच्चे का जब किसी भी क्लास में दाखिला किया जाता है। एमआईएस पोर्टल पर सारी प्रक्रिया पूरी हो जाती है तो उसके बाद पोर्टल पर अभिभावक की मेल आईडी दर्शाने की कही जाती है। अगर मेल आईडी नहीं है तो उस बच्चे का दाखिला पंजीकरण नहीं हो पा रहा है।

### पहली क्लास में दाखिले के वक्त आ रही समस्या

सबसे ज्यादा समस्या बाल वाटिका थर्ड व पहली क्लास में दाखिले के वक्त आ रही है। मेल आईडी की समस्या तो थी ही साथ में दाखिले के लिए फैमिली आईडी ने भी शिक्षकों को नई टेंशन दे दी है। दाखिला के वक्त बच्चे या अभिभावकों से फैमिली आईडी मांगी जा रही है। जिस अभिभावक के पास फैमिली आईडी नहीं है। उसके बच्चे का एमआईएस पोर्टल पर पंजीकरण ही नहीं हो पा रहा है। हालांकि शिक्षक एक दो बार प्रयास करते है,लेकिन बात नहीं बन पा रही है। इस तरह की शर्तो की वजह से बच्चों के दाखिले की संख्या प्रभावित होना लाजिमी है। .

### तुरंत मिलेगी अभिभावकों को सूचना : संतोष

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने बताया कि दाखिले के वक्त अभिभावकों की मेल आईडी का फायदा होगा। क्योंकि शिक्षा विभाग बच्चों के लिए जो भी दिशा निर्देश या जनहित की योजनाओं जारी करेगा। उसको बच्चों के अभिभावकों के पास भी मेल डालेगा। मसलन बच्चों की साल में होने वाली परीक्षाओं का शैडयूल, बच्चों को मिलने वाला वजीफा व अन्य जानकारी शामिल है। विभाग के पास बच्चों की मेल आईडी का एक रिकार्ड भी तैयार हो जाएगा।

### दाखिले होंगे प्रभावित : चाहर

हरियाणा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चाहर ने बताया कि दाखिले के समय में अभिभावकों की मेल आईडी व फैमिली आईडी की शर्त लगाना अव्यवहारिक है। क्योंकि अनेक अभिभावक ऐसे है। जिनके पास एनडरोयड मोबाइल फोन नहीं है। वे की-पैड वाला मोबाइल ही यूज कर रहे है। ऐसे में वे किस तरह से मेल आईडी तैयार करवा सकते है। अगर बनवा भी ले तो वे की पैड वाला मोबाइल पर किस तरह से मेल आईडी पर शिक्षा विभाग द्वारा भेजे संदेश देख सकते है। उनके लिए मेल आईडी की सुविधा दुविधा में तब्दील हो गई है। शिक्षा विभाग को इस तरह की शर्त को वापस लेना चाहिए। ताकि बच्चों की संख्या को बढाया जा सके।

# 21 दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरू



**भिवानी।** हवन में आहुति डालते महंत चरणदास व अन्य।

- वैज्ञानिक व आध्यात्मिक तौर पर यज्ञ का महत्व : चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा हनुमान जोहड़ी मंदिर में मंगलवार को हवन के साथ 21 दिवसीय श्रीहनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस मौके पर मुख्य यजमान के तौर सिटी एसएचओ सत्यनारायण पहुंचे तथा अनेक श्रद्धालुओं ने बालाजी का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में महंत चरणदास महाराज का सान्निध्य रहा। समाजसेवी रमेश सैनी व विजय सिंहमार ने बताया कि 21 दिवसीय श्रीहनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल तक चलेंगे।

इस दौरान प्रतिदिन सत्संग के अलावा श्रद्धालुओं को पानी बचाओ-पीढ़ी बचाओ, संस्कृति व स्वच्छता अपनाओ तथा भोजन व्यर्थ न करो के संदेश दिए जाएंगे। महंत चरणदास ने कहा कि 21 दिवसीय कार्यक्रमों के दौरान प्रतिदिन यज्ञ एवं सत्संग होंगे। कार्यक्रम समापन पर 23 अप्रैल को छप्पन भोग एवं भंडारे लगेगा। इस अवसर पर ध्यानदास पुजारी, सुनीता शर्मा, सावित्री देवी, सुशील गुप्ता, सुरेश गाबा, रोहित पंवार, मोतीलाल शर्मा, सीताराम, कपिल डागर, बब्बल जांगड़ा आदि मौजूद रहे।

# बाबा शंकर गिरी का भंडारा 12 को

- शंकर गिरी की प्रतिमा का षोडशोपचार विधि से करवाया जाएगा स्नान : कैलाश गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



हर वर्ष की भांति सातवीं पुण्यतिथि पर सिद्धबाबा शंकर गिरी का वार्षिक 7वां भंडारा 12 अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यतिथि वर्ष 2024-25 के कुंभ मेले के प्रभारी श्रीमहंत मोहन भारती की विशेष तौर पर आमंत्रित होंगे। बाबा कैलाश गिरि ने बताया कि भंडारे में दूर दराज से श्रद्धालु पहुचेंगे। इस दिन बाबा शंकर गिरी की प्रतिमा को विशेष षोडशोपचार विधि से स्नान करवाया जाता है, जिसमें बारह ज्योतिलिंगों का जल, नौ पवित्र नदियों का जल, चारों कुंभ स्थानों का जल, विशेष जड़ी बूटियां, नवरत्न स्नान, अभिषेक, अर्चना-पूजा की जाती है। बाबा की समाधि में स्थापित पारदेश्वर महादेव शिवलिंग का विशेष अभिषेक किया जाता है। भंडारे में अखाड़े से साधुजनों का आगमन होता है और प्रत्येक साधु को अंग वस्त्र, पूजा भेंट स्वरूप दिया जाता है। भंडारे पर बाल भोग प्रसाद का विशेष प्रबंध होता है, जिसमें भिन्न भिन्न प्रकार के व्यंजनों का बाबा शंकर गिरिजी को भोग लगाया जाता है। यज्ञ में पूणार्हुति कर भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाता है और ये प्रसाद गंगाजल व शुद्ध देशी घी से तैयार किया जाता है। भंडारे में सभापति जूना अखाड़ा प्रेमगिरि महाराज, अखाड़ा परिषद महामंत्री महंत हरिगिरि महाराज, महंत विशंभर भारती महाराज, महंत आनन्द गिरि महाराज, रोहतक से महामंडलेश्वर कपिल पूरी, महामंडलेश्वर संगम गिरी, मंडलेश्वर कर्णपूरी, अयोध्या से रामचरण दास महाराज व उज्जैन सांदीपनि वेदविद्या प्रतिष्ठान से आचार्य वेद विभूषण कुंज बिहारी पांडे का शुभ आगमन होगा।

# पेयजल आपूर्ति की शिकायतों का होगा समाधान

- वार्ड स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



गर्मी के मौसम के चलते डीसी नरेश नरवाल के निर्देशानुसार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने भिवानी शहर में पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का समाधान करने को लेकर जेई, एसडीओ व कार्यकारी अभियन्ता की डयूटी लगाई गई है। शहर में किसी भी वार्ड में पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्या बनती है, तो नागरिक अपने वार्ड से संबंधित जेई, एसडीओ व कार्यकारी अभियन्ता से संपर्क कर सकते हैं। जनस्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के वार्ड नंबर एक से तीन व पांच से सात तक पेयजल आपूर्ति के लिए जेई ताजदीन के मोबाइल नंबर 9306071091 पर और तथा इन वाडोंर् में महम रोड़ विद्या नगर स्थित पुराना जलघर से पेयजल सप्लाई की जाती है।

इसी प्रकार से वार्ड नंबर 13 से 18, 20, 21 व 23 से 27 तक पेयजल आपूर्ति के लिए जेई दीपक के मोबाइल नंबर 8053779701 पर संपर्क कर सकते हैं और इन वाडोंर् में स्थानीय तोशाम बाईपास स्थित द्वितीय जलघर से पेयजल सप्लाई की जाती है।

वार्ड नंबर 24 व 28 से 31 तक पेयजल आपूर्ति के लिए जेई कुनाल श्योराण के मोबाइल नंबर 8527664550 पर संपर्क कर सकते हैं और इन वाडों में तोशाम बाईपास स्थित द्वितीय जलघर से पेयजल सप्लाई की जाती है। वार्ड नंबर चारए 8 से 12 व 19 के लिए पेयजल आपूर्ति के लिए जेई उमेद के मोबाइल नंबर 8607421021 पर संपर्क कर सकते हैं और इन वाडोंर् में रोहतक रोड स्थित तृतीय जलघर से पेयजल सप्लाई की जाती है। इन संबंधित क्षेत्र के जेई के अलावा शहरवासी पेयजल आपूर्ति की समस्या के समाधान के लिए विभाग के कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत के मोबाइल नंबर 9468191180 पर और एसडीओ सतीश कुमार के मोबाइल नंबर 9813227296 पर संपर्क कर सकते हैं।

### अधिकारियों से शिकायत : उपायुक्त

उपायुक्त नरेश नरवाल ने बतायाकि गर्मी के मौसम में पेयजल की खपत बढने के साथ ही पेयजल आपूर्ति की समस्याएं भी बनने लग जाती हैं। नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। पेयजल से संबंधित कोई समस्या बनती है तो नागरिक अपने क्षेत्र के जेई, एसडीओ या कार्यकारी अभियंता से संपर्क कर सकते हैं।

# सीआरपीएफ जवान प्रवीण को सैन्य सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

- कोबरा कमांडो टीम का सदस्य था जवान प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



**लोहारू।** शहीद प्रवीण को पुष्प चक्र भेंटकर श्रद्धांजलि देते हुए एसडीएम अमित कुमार तथा इनसेट में जवान प्रवीण का फाइल फोटो।

उपमंडल के झुप्पा कलां गांव से अपनी करीब चार सप्ताह की छुट्टी पूरी करके ड्यूटी पर रायपुर जा रहे सीआरपीएफ के जवान प्रवीण का चार दिन बाद ही पार्थिव शरीर तिरंगे में लिपट कर गांव पहुंच गया। जवान शहीद प्रवीण कुमार को सैन्य सम्मान के साथ आसमान में गोलियां दागकर सलामी दी गई। वहीं प्रशासन की ओर से एसडीएम अमित कुमार ने पुष्प चक्र भेंट कर शहीद प्रवीण कुमार को श्रद्धांजलि दी। शहीद प्रवीण कुमार के पार्थिव शरीर को देखकर परिजनों की ही नहीं बल्कि पूरे गांव के लोगों की आंखें नम थीए वहीं लाडले पर ग्रामीणों को गर्व भी महसूस हो रहा था। शहीद प्रवीण कुमार सीआरपीएफ की विशेष गुरिल्ला युद्ध कमांडो इकाई कोबरा अर्थात बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन के कमांडो थे। एसडीएम अमित कुमार ने शहीद जवान प्रवीण को श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को ढांढस बधाया और कहा कि पूरे गांव को ही नहीं बल्कि इलाके सभी लोगों को प्रवीण की शहादत पर गर्व है। शहीद प्रवीण बहादुर जवान थाए वह क्षेत्र के युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि शहीद प्रवीण कुमार चार दिन पहले ही अपनी छुट्टी पूरी करके अपनी ड्यूटी के लिए रायपुर रवाना हुआ था। इस दौरान रास्ते में रेल की पटरियों के पास जवान प्रवीण घायल अवस्था में मिला था। जिसे वहां के स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया, लेकिन दो दिनों के उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन संदीप सिंह के अनुसार रेलगाड़ी में जवान प्रवीण पर किसी नक्सली हमले से इनकार नहीं किया जा सकता है। संदीप सिंह ने बताया कि शहीद प्रवीण कुमार उनका चचेरा भाई था और वह वर्ष 2011 में सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था। वर्तमान में वह कोबरा कमांडो इकाई में रायपुर में तैनात था। करीब 36 वर्षीय कमांडो प्रवीण तीन बहन भाईयों में सबसे छोटा था और अपने पीछे एक वर्षीय बेटा प्रयांग, 4 वर्षीय बेटी गरिमा पत्नी राजेश कुमारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। शहीद प्रवीण के पिता रामनिवास एक किसान हैं।

शहीद को श्रद्धांजलि देने आसपास के गांवों के सैकड़ों युवा व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और जवान को नम आंखों से अंतिम विदाई दी। श्रद्धांजलि देने वालों में एसडीएम अमित कुमार के अलावा तहसीलदार, थाना प्रभारी मदन कुमार, होशियार सिंह, कृष्ण मान, प्रताप सिंह, मीर सिंह सहित गांव के पूर्व सरपंच और सैकड़ों युवा शामिल थे।

# 9वीं व 11वीं की परीक्षा के अंक 25 तक कर सकते हैं अपलोड

### अंक अपलोड नहीं करने पर 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा नहीं दे सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से सम्बद्धता प्राप्त राजकीय व अराजकीय विद्यालयों व गुरूकुलों विद्यापीठों द्वारा शैक्षिक सत्र 2023.24 के लिए कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों व छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक 04 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक अपलोड किए जाने हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने आज यहां जारी एक प्रेस.वक्तव्य में बताया कि राजकीय व अराजकीय विद्यालयों व गुरूकुला विद्यापीठों के 9वीं व 11वीं के शैक्षिक सत्र 2023.24 के छात्रों व छात्राओं के वार्षिक परीक्षा के अंक 04 अप्रैल से 25 अप्रैल, 2024 तक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर दिये गये लिंक से लॉगिन करते हुए ऑनलाइन भरना सुनिश्चित करें। यदि किसी विद्यालय द्वारा छात्रों के अंक ऑनलाइन अपलोड नहीं किए जाते हैं तो ऐसे छात्रों व छात्राओं को बोर्ड की आगामी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## श्रद्धालुओं ने मंदिर में लाइन में की पूजा-अर्चना

# मंगलवारी माता पर मत्था टेक मांगी मन्नतें

- मंदिर के बाहर मेले में महिलाओं व बच्चों ने खूब की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** मंगलवारी माता की पूजा अर्चना करती महिलाएं।

मंगलवार को शहर के हनुमान ढाणी इलाके में स्थित मंगलवारी माता मंदिर में अनेक महिलाओं व पुरुषों ने मत्था टेक कर सुखी जीवन की मन्नतें मांगी। महिलाओं ने मंगलवारी माता की पूजा अर्चना की और प्रसाद वितरित किया। इस दौरान जबरदस्त भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने लाइनों में खड़े होकर माता की पूजा अर्चना की।

दोपहर बाद तक पूजा अर्चन करने का सिलसिला जारी रहा। मंगलवारी माता मंदिर में अल सुबह महिलाओं का पहुंचना शुरू हो गया था। कई महिलाएं तो सुबह चार बजे माता के दरबार में पहुंची और पूजा अर्चना की। उसके बाद जिस तरह से दिन चढ़ना शुरू हुआ तो उसी हिसाब से माता के दरबार में महिलाओं की संख्या बढ़नी शुरू हो गई। दस बजे तक मंदिर में जबरदस्त भीड़ हो गई। बाद में स्वंय सेवकों ने मंदिर में पूजा अर्चना करने वाली महिलाओं की लाइनें लगवाई। लाइनों में खड़ी होकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने माता के दरबार में सुखी जीवन की मन्नत मांगी और आपस में प्रसाद वितरित किया। दोपहर दो बजे तक मंदिर में पूजा अर्चना करने का सिलसिला जारी रहा। बताया जाता है कि होली पर्व के बाद जो भी पहला मंगलवार आता है। उसी दिन उक्त माता की पूजा अर्चना की जाती है। बताते है इस दिन छोटे बच्चों की ज्यादा धोक लगवाई जाती है। यहां पर महिलाएं अपने बच्चों के बेहतरीन स्वास्थ की कामना भी करके जाती है। ताकि उनके परिवार में हमेशा सुख व चैन बना रहे।

इस दिन महिलाएं पूजा अर्चना से पहले अपने घरों में पकवान आदि बनाती है और उसके बाद उसी पकवान के साथ मंदिर में पहुंचकर माता की पूजा अर्चना करती है। आज पूरे दिन उक्त मंदिर के समक्ष जबरदस्त मेला लगा रहा। दूसरी तरफ मेले के अवसर पर अनेक लोगों ने रेहड़ी आदि लगाकर घरेलू सामान बेचा। महिलाओं व बच्चों ने जमकर खरीद दारी की।

# मकान की छत गिरी, बहू सास और बच्चा घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

- घायलों को अस्पताल में करवाया दाखिल

ब्रह्म कॉलोनी में आज एक मकान की छत गिर गई। छत के गिरने से घर में बैठे सास बहू और एक बच्चा घायल हो गया। उन्हें इलाज के लिए सामान्य हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। वी ओ रोहित ब्रह्म कॉलोनी में परिवार सहित रहता था। आज रोहित अपने पिता के साथ मज़दूरी करने के लिए गया था तभी घर की छत नीचे गई गई। परिवार ग़रीबी में अपना घर का गुजर बसर कर रहा था । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आस पड़ोस के लोगों ने छत गिरने की आवाज आई तो वे दौड़े चले आये ताकि राहत कार्य किया जाये। इस मामले की सूचना पुलिस को भी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर उनका सामान उठाया । पड़ोसियों ने बताया कि रोहित ग़रीबी में अपना गुजर बसर कर रहे है। उसका मकान कच्चा था। अचानक उसके मकान की छत गिर गई। जिसमें सास, बहु व उनका एक बेटे को चोटें आई है। उनको इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया। थाना प्रभारी शहर सत्यनारायण ने बताया कि सूचना पर अम लोग आये है। परिवार के घायल लोगो को हॉस्पिटल भेज दिया है। उनका वहाँ उपचार चल रहा है।

# श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव छह को



**तोशाम।** बाबा खाटू श्रीश्याम

- दूर-दराज क्षेत्र से गायक कलाकार करेंगे बाबा की महिमा का गुणगान

**तोशाम।** गांव मंगाली में छह अप्रैल को आयोजित 16वें विशाल श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव के दौरान श्रीश्याम संकीर्तन मंडल तोशाम के प्रधान अनिल गर्ग बागनवाला बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं भाजपा नेता अनिल शर्मा, तोशाम के सरपंच राजेश तंवर, प्रसिद्ध समाजसेवी अशोक सिंगला तथा भगवान परशुराम जनसेवा समिति के अध्यक्ष सुनील शर्मा बतौर अति विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा पानीपत के डीएसपी सतीश गौतम, समाजसेवी एसके वर्मा आदि अतिथि उत्सव की शोभा बढ़ाएंगे। श्रीश्याम मंदिर समिति एवं श्रीश्याम परिवार बंगाली के प्रधान अशोक शर्मा ने बताया कि श्री श्याम परिवार द्वारा हर वर्ष श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया जाता है, अबकी बार भी पांच अप्रैल को भव्य निशान ध्वज यात्रा तथा छह अप्रैल को सुबह भव्य कलश यात्रा तथा रात्रि 8 बजे से विशाल श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव होगा। महोत्सव के दौरान श्री श्याम रसोई भी होगी, जिसमें भक्त बाबा खाटू श्याम का प्रसाद ग्रहण करेंगे। जागरण में राजस्थान के गंगानगर की प्रसिद्ध गायक कलाकार सुनीता बागड़ी, राजस्थान के हनुमानगढ़ से कलाकार अमित बंसल, उकलाना मंडी के शेखर शर्मा, हिसार से अभिनव एरन तथा हिसार से कुमारी तनुश्री व मंगाली के हरीश शर्मा आदि कलाकार बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति देंगे।



दुनिया में सबसे तेज जानवर चीता है, जो 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ सकता है।



सबसे बड़ा मकड़ी का जाला 28 मीटर चौड़ा और 34 मीटर लंबा हो सकता है।

# डिजिटल सेक्टर में कैसे संवारें भविष्य



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भविष्य में भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिज़ाइन एंड डाटा विज़ुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफिक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइज़र, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफ़ॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

## आभासी दुनिया करियर बढ़ाने में कर सकती है मदद

# चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बनकर डिजिटेक दुनिया में कमाएं नाम

जॉब ट्रेंड्स


करियर डेस्क

## युवाओं की बन रहा पहली पसंद





एक शब्द जिसने हाल ही में आईटी उद्योग में तहलका मचा दिया है, वह है 'चैटजीपीटी'। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के साथ एक चैटबॉट, जिसे चैटजीपीटी कहा जाता है, को वर्ष 2022 में 30 नवंबर को लांच किया गया था। जनवरी में इसके मंथली एक्टिव यूजर्स की संख्या 10 करोड़ को पार कर गई थी। अधिक उपयोग के बावजूद हंगामा होता है, क्यों? दरअसल, चैटजीपीटी बहुत सारे सफेदपोश पदों के लिए खतरा है। शिक्षण संस्थान भी परेशान है, यह जानते हुए भी कि यह जल्द ही कभी नहीं होगा। अपने करियर में पेशेवरों के लिए, चैटजीपीटी सीखने में काफी मदद कर सकता है, उन्हें नए कौशल प्राप्त करने में सहायता कर सकता है, नौकरी के नए विकल्पों का खोज सकता है और अपने उद्योग में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रख सकता है। प्रत्येक पेशेवर की विशिष्ट आवश्यकताओं और रुचियों को पहचानने के लिए अपनी प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण कौशल का उपयोग करके, चैटजीपीटी व्यक्तिगत सीखने के अनुभव प्रदान कर सकता है। करियर क्षेत्र के पेशेवरों को इस तरह से प्रासंगिक और रोमांचक शिक्षण सामग्री का पता लगाना आसान हो सकता है। चैटजीपीटी कौशल विकास के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर सकता है, पेशेवरों को नए कौशल हासिल करने और अपने पेशेवर पोर्टफोलियो बनाने में मदद कर सकता है।



## क्या है चैटजीपीटी


चैटजीपीटी एक चैटबॉट है,जो कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित है। चैटजीपीटी (जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर) प्रोग्राम एक मशीन लर्निंग सिस्टम है जो डेटा इकट्ठा करता है, इससे सीखता है और शोध निष्कर्ष तैयार करता है। पुट-ई टूल अब भी उपलब्ध है। यह शब्द बनाने के बजाय 3डी दृश्य बनाता है। जिस तरह आप गूगल पर कुछ भी लिखते हैं और आपके सामने जवाब आते हैं। उसी तरह चैटजीपीटी पर सवाल करने पर आपको वो लिखकर जवाब देता है। चैटजीपीटी आपके सारे सवालों के जवाब केवल एक सर्च बॉक्स पर सवाल टाइप करने से देता है। गूगल सर्च से अलग, इस चैटबॉट की खासियत यह है कि यह इंसानों की तरह सोचता है और उनकी तरह सवाल-जवाब कर सकता है। चैटजीपीटी से आप किसी भी टॉपिक पर एक इंसान जैसे ही बात कर पाते हैं। बता दें कि चैटजीपीटी को नवंबर 2022 में ओपनएआई द्वारा लांच किया गया था। चैटजीपीटी से उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। फोर्ब्स ने सक्रिय एआई स्टार्टअप्स की संख्या में 14 गुना वृद्धि दर्ज की है। 72% अधिकारियों के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य में व्यापार में एक प्रमुख भूमिका निभाएगा।

## यहां अवसर

1. टेक जॉब्स (कोडर्स, कंप्यूटर प्रोग्रामर, सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स, वेब डेवलपर्स, सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, डेटा एनालिस्ट्स)
2. मीडिया नौकरियां (सामग्री निर्माण, विज्ञापन, तकनीकी लेखन, पत्रकारिता)
3. कानूनी उद्योग नौकरियां (पैरालीगल, सहायक) बाजार अनुसंधान विश्लेषकों
4. शिक्षक, प्रोफेसर
5. वित्त नौकरियां (वित्तीय विश्लेषक, सलाहकार) ट्रेडर्स, शेयर एनालिस्ट
6. ग्राफिक डिजाइनर
7. लेखाकार
8. ग्राहक सेवा एजेंट

## मददगार टूल होगा

चैटजीपीटी करियर के विकास पर सलाह और मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है, जिससे पेशेवरों को नए करियर के अवसरों की पहचान करने में मदद मिलती है। विभिन्न विषयों पर चैटजीपीटी के ज्ञान की त्वरित पहुंच के कारण पेशेवर अपने प्रश्नों के उत्तर पा सकते हैं और तेजी से अपने सीखने को आगे बढ़ा सकते हैं। चैटजीपीटी नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर पेश करते हुए पेशेवरों को उनके उद्योग के अन्य विशेषज्ञों से जोड़ सकता है। पेशेवरों को अपने करियर को आगे बढ़ाने और उनकी क्षमताओं का विस्तार करने में मदद करने के लिए, चैटजीपीटी व्यक्तिगत कोचिंग और परामर्श प्रदान कर सकता है। पेशेवर अपने क्षेत्र में सबसे हालिया प्रगति के साथ अद्यतित रह सकते हैं और चैटजीपीटी के चल रहे सीखने के अवसरों का लाभ उठाकर अपनी प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रख सकते हैं। चैटजीपीटी के सीखने के संसाधनों तक पहुंच के साथ पेशेवर जब भी उनके लिए सबसे सुविधाजनक हो सीख सकते हैं।





## क्या है करता

*चैटजीपीटी आपके लिए कंप्यूटर कोड जनरेट करता है। इसके साथ-साथ सवालों के जवाब, कथाओं को पूरा, अधूरे मुहावरे को सही करने, गिनती करने, नॉन-फिक्शन और फिक्शन कंटेंट लिखना और अनुवाद करना जैसे कार्य करता है।*

## क्यों बनाया गया

माइक्रोसॉफ्ट के ओपनएआई द्वारा विकसित चैटजीपीटी को एक एप्लिकेशन को मनुष्यों की तरह बातचीत करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। कविता लिखने से लेकर किसी और समस्या के जवाब के लिए आप चैटजीपीटी की मदद ले सकते हैं।

## स्मार्टफोन पर चैटजीपीटी नहीं

चैटजीपीटी का इस्तेमाल स्मार्टफोन पर नहीं किया जा सकता है। अगर आप प्ले स्टोर या एप स्टोर पर इसे खोजने का प्रयास करते हैं तो यहां फेक एप्स ही मिलती हैं, क्योंकि इस चैटबॉट का कोई ऑफिशियल एप अभी तक पेश नहीं हुआ है।

## कैसे कर सकते इस्तेमाल

इस चैटबॉट का इस्तेमाल चैटजीपीटी की ऑफिशियल वेबसाइट **chat.openai.com**. पर कर सकते हैं। वेबसाइट पर साइन-अप करने के बाद एक अकाउंट क्रिएट करना होगा। साइन अप के लिए **https://chat.openai.com/auth/login** पर विजिट कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद अकाउंट वेरीफाई करवाना होगा। इसके लिए ईमेल पर वेरिफिकेशन लिंक पर प्रोसेस पूरा कर सकते हैं। अकाउंट क्रिएट होने के बाद आप सर्च बार पर अपने सवालों को पूछ सकते हैं। मालूम हो कि, चैटजीपीटी का इस्तेमाल अभी फ्री में किया जा सकता है। हालांकि, बहुत जल्द कंपनी चैटबॉट के लिए प्रीमियम सर्विस ला सकती है।

## क्या सीखें

मशीन लर्निंग सीखें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई सीख कर चैटजीपीटी प्रोफेशनल्स बन सकते हैं। एआई सीखने के लिए गूगल समेत अनेक ऑनलाइन व ऑफलाइन प्लेटफॉर्म हैं। आजकल करियर का नया डेस्टिनेशन है।

# व्यायाम, प्राणायाम और ध्यान से सुधारा जा सकता है मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

तनाव और अवसाद के समय में प्रेरित रहना छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है। परीक्षाओं, पढ़ाई, करियर, और सामाजिक दबावों के बीच जीवन में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के साथ निपटने के लिए, छात्रों को तनाव को संभालने और प्रेरित रहने की कला को सीखना आवश्यक है। तनाव के समय में प्रेरणा का आधार स्वास्थ्यपूर्ण जीवनशैली का होता है। नियमित व्यायाम, प्राणायाम, और ध्यान से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारा जा सकता है। सही आहार और पर्याप्त नींद भी छात्रों को तनाव से बचाने में मदद कर सकते हैं। साथ ही, अपने कामों को स्वतंत्रता से निर्वाह करना और सकारात्मक सोच भी छात्रों को प्रेरित रख सकता है।

## सोशल मीडिया से रहें सावधान

समय का सही प्रबंधन और सहायक संगठनों का सहारा भी उन्हें अधिक उत्साहित कर सकता है। अधिकतर, स्वाध्याय और प्रेरणा भी छात्रों को उनके उद्देश्यों की दिशा में प्रेरित कर सकता है। इस प्रकार, छात्रों को तनाव के समय में प्रेरित रहने के लिए अपने जीवन में ये सारे कदम उठाने चाहिए। आधुनिक युग में सोशल मीडिया का महत्व बढ़ता जा रहा है। यह आधुनिक तकनीकी उपकरणों के द्वारा संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सोशल मीडिया ने हमें दुनिया भर में अपने दोस्तों, परिवार, और समाज से जुड़े रहने का मौका दिया है। हालांकि, इसके साथ ही यह एक सुरक्षा का मुद्दा भी उठाता है। सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने की एक कार्यकारी रणनीति अपनाना आवश्यक है। पहले भारतीय युवा को सोशल मीडिया के उपयोग के बारे में जानकारी होनी चाहिए। उन्हें अपने प्रोफाइल की निजी जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए नियमित रूप से पासवर्ड बदलने की सलाह देनी चाहिए। उन्हें सावधानीपूर्वक अपनी पोस्टिंग करनी चाहिए ताकि वे अपनी निजी जानकारी को अनावश्यक लोगों से साझा न करें। दूसरा, सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के उपयोग के लिए एक्सेस नियंत्रण बनाए रखना आवश्यक है। युवा को अपने डिवाइस के लिए पासवर्ड लॉक लगाने की सलाह दी जानी चाहिए, ताकि कोई अनधिकृत उपयोगकर्ता उनके खाते में प्रवेश न कर सके। साथ ही, यह भी महत्वपूर्ण है कि उन्हें अपने डिवाइस पर सोशल मीडिया ऐप्स को अपडेट रखें, क्योंकि अपडेट अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं। तीसरा, विशेष ध्यान देना चाहिए कि युवा अपने ऑनलाइन व्यवहार में सावधानी बरतें। उन्हें अज्ञात व्यक्तियों के साथ न केवल साइबर अपीक्स तकरार करनी चाहिए, बल्कि वे अपने प्राइवेट जानकारी को अपने हाथ में रखें। यह भी जरूरी है कि युवा अभिभावकों या विशेषज्ञों से संपर्क करें यदि उन्हें ऑनलाइन अपशब्दों, धमकी, या किसी भी अन्य अप्रिय गतिविधियों का सामना करना पड़ता है।

## साइबर बुलिंग से सावधानी जरूरी

साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बचने के लिए सोशल मीडिया पर जागरूकता और सावधानी बहुत महत्वपूर्ण है ताकि युवा साइबर बुलिंग, प्राइवेसी लीकेज, और ऑनलाइन फिशिंग जैसी समस्याओं से बच सकें।

- **पासवर्ड की मजबूती:** अपने सोशल मीडिया खातों के लिए मजबूत पासवर्ड चुनें और उन्हें नियमित अंतराल में बदलें।
- **निजी जानकारी का संरक्षण:** निजी जानकारी को साझा करने से पहले ध्यान दें और केवल विश्वसनीय और आवश्यक जानकारी ही साझा करें।
- **साइबर बुलिंग के खिलाफ:** किसी भी तरह की साइबर बुलिंग को तुरंत रिपोर्ट करें और इसे बचाव में आने के लिए अपने दोस्तों और परिवार से सहायता मांगें।
- **सावधानी से फिलहाल:** अनजाने या संदिग्ध संदेशों, लिंकों, या फाइलों को कभी खोलने से पहले सावधानी बरतें।
- **अपडेट रहें:** सोशल मीडिया ऐप्स और सॉफ़्टवेयर को समय-समय पर अपडेट करें, क्योंकि ये अक्सर सुरक्षा सुधारों को शामिल करते हैं।
- **संवेदनशीलता बनाए रखें:** अपने और अन्य लोगों की संवेदनशीलता का सम्मान करें और अनचाहे संदेशों या फोटोग्राफ़ों को साझा न करें।
- **जागरूक रहें:** सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के लिए नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन नैतिकता के बारे में जागरूक रहें और अपडेटेड रहें।

***इन तरीकों का पालन करके युवा सोशल मीडिया पर सुरक्षित रह सकते हैं और उन्हें अपने ऑनलाइन अनुभवों का आनंद लेने में सक्षम होगा। एक विद्यार्थी को किसी अन्य व्यक्ति के अच्छे वेतन और पसंद को देखकर कमजोर नहीं होना चाहिए।***

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### मकान से हजारों रुपये के जेवरात चोरी

**नाहड़।** लिलोढ गांव में चोर एक मकान से हजारों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में पिंकी ने बताया कि वह अपने पति के साथ खेत में काम करने के लिए गई थी। शाम के समय घर आने के बाद संदूक का कुंदा टूटा हुआ मिला। चोर संदूक से चांदी के कई जेवरात चोरी कर ले गए। आसपास पता करने के बाद भी चोरों का पता नहीं चला। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### चोरों ने आंगनवाड़ी में सेंध लगाकर चोरी की

**नाहड़।** रतनथल बास में चोर एक आंगनवाड़ी केंद्र में घुसकर बैट्री चोरी कर ले गए। गांव की आंगनवाड़ी वर्कर्स सरोज बाला ने बताया कि वह आंगनवाड़ी बंद करने के बाद घर चली गई थी। सुबह आंगनवाड़ी में पहुंची तो दरवाजा खुला मिला। ताला तोड़कर दूर डाला हुआ था। चोर आंगनवाड़ी से दो बैट्री चोरी कर ले गए। आसपास पता करने के बाद भी चोरों का सुराग नहीं मिला। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट व धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार नांधा में रास्ता रोककर मारपीट करने के आरोप में गत वर्ष 18 नवंबर को दर्ज केस में अरविंद को काबू किया गया है। 28 जनवरी को दर्ज किए गए मामले में बास बटौड़ी निवासी सुभाष को गिरफ्तार किया गया है। उस पर भी मारपीट व धमकी देने का आरोप है। दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### ताला तोड़कर मोबाइल की दुकान में चोरी

**रेवाड़ी।** शिव चौक के पास एक मोबाइल की दुकान का ताला तोड़कर चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पवन गुल्याणी ने बताया कि वह सुबह के समय जब दुकान पर पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर दुकान से दो बड़ी बैट्री, इन्वर्टर व रिपेयरिंग के आए 6 पुराने मोबाइल चोरी कर ले गए।

### टैंकर की टक्कर से टैंपो सवार दंपति घायल

**रेवाड़ी।** हरिनगर फ्लाईओवर पर टैंकर की टक्कर से टैंपो में सवार दंपति घायल हो गए। खोरी निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ टैंपो में रेवाड़ी जाने के लिए खोरी से सवार हुआ था। हरिनगर फ्लाईओवर के पास एक टैंकर ने टैंपो को टक्कर मार दी। टैंपो टक्कर लगने के बाद डिवाइडर से टकरा गया, जिससे वह और उसकी पत्नी घायल हो गए।

### हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट में केस दर्ज

**रेवाड़ी।** आनंद नगर में एक छात्र के साथ मारपीट करने और फायर करने के मामले में सिटी पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस अभी तक आरोपियों को काबू नहीं कर सकी है। बीते सोमवार को कई बदमाशों ने एक छात्र के साथ मारपीट करने के बाद एक व्यक्ति को भी पीटा था। इसके बाद फायरिंग की गई।

### नशीला पदार्थ सप्लाई करने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गत वर्ष 28 नवंबर को थाना क्षेत्र में एक युवक को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि उसे नशीला पदार्थ महेंद्रगढ़ के मोड़ी निवासी संदीप उर्फ सुधीर ने मुहैया कराया था।

### मारपीट व धमकी देने के तीन आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नांगल भगवानपुर निवासी लोकेश को गिरफ्तार कर लिया। थाना बावल पुलिस ने दर्ज केस में आरोपी गुरूग्राम के धुनैला निवासी मनीष कुमार व यूपी के खांडवा निवासी हरिओम को गिरफ्तार किया है।

---

### पदक विजेता खिलाड़ियों का अकादमी में किया स्वागत

# राष्ट्रीय सेपक टकरा चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने जीता रजत

पदक विजेता टीम में जिले के छह खिलाड़ी, भिवानी पहुंचने पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

बॉक्सिंग व कुश्ती के लिए विश्वभर में जाना जाने वाला भिवानी अब अन्य खेलों में भी अपनी अलग पहचान स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में बीकानेर डिविजन स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा कर्नाटक में करवाई गई 26वीं जूनियर राष्ट्रीय सेपक टकरा चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने सिल्वर पदक जीता। हरियाणा की 12 सदसीय टीम में छह खिलाड़ी भिवानी से है, जिन्होंने अकादमी के कोच सतबीर सिंह देहरान के नेतृत्व में चैंपियनशिप में भाग लिया। पदक विजेता खिलाड़ियों का अकादमी में पहुंचने पर हमारा अपना फाउंडेशन ने स्वागत किया।

फाउंडेशन सैनिक प्रकोष्ठ के सीईओ एसके सिंह ने बताया कि पदक विजेता हरियाणा की टीम में भिवानी के अंकित चौहान, राजन, साहिल, शिवम, धैर्य, लक्षित लांबा ने भाग लिया।



**भिवानी।** पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते खेलप्रेमी।

## कराटे प्रतियोगिता में छाए भिवानी के खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

गत 30-31 मार्च को कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई राज्य स्तरीय सीनियर कराटे प्रतियोगिता में भिवानी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नौ स्वर्ण सहित 13 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। मंगलवार को राजपूत धर्मशाला में जिला कराटे डो संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। संघ के मुख्य संरक्षक व अध्यक्ष भानुप्रकाश शर्मा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। कोच डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया कि भिवानी के 14 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिनमें 13 खिलाड़ियों ने पदक जीते। पुरुष वर्ग के 60 किलोग्राम भारवर्ग में सुशील सुमड़ा खेड़ा ने स्वर्ण, 67 किलो में अमन भिवानी ने स्वर्ण, 75 किलो में सुमित सुई ने स्वर्ण एवं महिला वर्ग में 45 किलो में करुणा सुई ने रजत, 68 किलो में अंजलि भिवानी ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुष टीम कुमिते में साहिल भिवानी, किशन, राम, सिद्धार्थ भिवानी व जतिन गहलोत सुई ने स्वर्ण तथा महिला टीम काता में मंजू भिवानी, रेणु चांग, रितु अलखपुरा ने रजत पदक जीते। धर्मशाला में चैंपियंस कराटे अकेडमी में खिलाड़ियों के पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर संघ उपाध्यक्ष अनिल रोहिला, अमरजीत यादव, सहसचिव जोगिंद्र, नरेश डुडेजा, लीगल एडवाइजर ललित शर्मा एडवोकेट, रोहन व पंकज मौजूद रहे।

---

# उपप्राचार्या को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

- शिक्षिकाओं ने उपप्राचार्या नीलम के कार्यकाल की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** आदर्श महिला महाविद्यालय की उपप्राचार्या को सम्मानित करतीं शिक्षिकाएं।

आदर्श महिला महाविद्यालय में उपप्राचार्या एवं भौतिक विभागाध्यक्ष नीलम गुप्ता को 38 वर्षों के सफल कार्यकाल के उपरांत विदाई समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने उनके द्वारा दिए महाविद्यालय प्रगति में अथक प्रयासों की सराहना की और कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान महाविद्यालय की उन्नति में पूर्ण सहयोग दिया, उनके कर्तव्यनिष्ठा, समय प्रबंधन एवं कुशल नेतृत्व से लाभान्वित होकर अनेक छात्राएं अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रही। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी रूचि दिखाई। सेवानिवृत्ति एक ऐसा क्षण होता है, जो हमें अपने जीवनपर्यंत काल का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि वह सकारात्मक व्यक्तित्व, सादा जीवन, अभिमान रहित, ऊजार्वान एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व की धनी है। समारोह संयोजिका डॉ. रिंकू अग्रवाल रही। इस अवसर पर डॉ. एलबी, डॉ. उदिता गुप्ता, निलाभ, नाइमा, नीरू चावला, डॉ. अमीता गाबा, संगीता मनरो, अनीता वर्मा, डॉ. निशा शर्मा, डॉ. मधु मालती, डॉ. सुमन जांगड़ा, पूर्व प्राध्यापिका नीटा चावला आदि मौजूद रही।

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में हवन से नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ



**भिवानी।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में हवन में आहुति डालते स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, कीर्ति चौहान व विद्यार्थी।

**भिवानी।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ हवन के साथ किया गया। हवन में स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, स्कूल निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्य मुस्तफा माजिद उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त छात्रों व स्टाफ सदस्यों ने हवन में आहुति डाली और नए सत्र के शुभारंभ की कामना की। विद्यालय के नए शैक्षिक सत्र 2024-2025 का शुभारंभ बच्चों को तिलक लगाकर हवन कार्यक्रम आरंभ किया। स्कूल निर्देशिका व स्कूल प्रबंधक ने मंत्रोच्चार व पूरे विधि विधान के साथ हवन में आहुति डाली, जिसमें सभी बच्चों ने मंत्रों का उच्चारण शुद्ध स्वर में कर आहुति डाली। प्राचार्य ने बच्चों को निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया।

### एडवोकेट रितेश बने लायंस क्लब के प्रधान

**रेवाड़ी।** लायंस भवन मॉडल टाउन में मंगलवार को लायंस क्लब की जनरल बॉडी की मीटिंग आयोजित हुई, जिसमें नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन लायन बृजलाल गोयल ने आगामी वर्ष 2024-2025 के प्रधान के लिए लायन रितेश भार्गव एडवोकेट के नाम का चयन किया। क्लब के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस पर अपनी सहमति जताई।

नव निर्वाचित प्रधान रितेश भार्गव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस जिम्मेदारी का सच्ची लगन से निर्वाह करके समाज हित के लिए काम किया जाएगा। नवनियुक्त प्रधान ने अपनी कार्यकारिणी में जितेश गोयल को सचिव व सचिन गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया।

---

## वैदिक यज्ञ से डीएवी विद्यालय का नया शिक्षा सत्र प्रारंभ किया



**भिवानी।** वैदिक यज्ञ से डीएवी विद्यालय का नया शिक्षा सत्र वैदिक रीति के अनुसार हवन व मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ। सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व मोली बांधकर नये सत्र में स्वागत किया। यज्ञ में यजमान के रूप में विद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्या जगदीप कौर ने भाग लिया। प्राचार्या कौर ने मंत्रोच्चारण द्वारा नए सत्र के यज्ञ को बच्चों के लिए अति ज्ञानवर्धक व स्वास्थ्यवर्धक बताया और बच्चों को दैनिक यज्ञ के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्या जगदीप कौर व अध्यापकों ने पुष्प वर्षा कर विद्यार्थियों को सफलता के पथ पर अग्रसर होने की कामना की। नए सत्र के प्रथम दिन कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के विद्यार्थियों ने कोलाज मेकिंग व मनोरंजक खेल गतिविधियों में भाग लेकर तथा कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने चित्रकारी से प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

मंगलवार को केएम पब्लिक स्कूल में नए सत्र 2024 .25 का शुभारंभ हवन.यज्ञ के साथ किया गया । विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की कि यह वर्ष हर प्रकार से छात्रों के लिए मंगलमय हो। यज्ञ वातावरण की शुद्धि के साथ.साथ शुभ कार्य की शुरुआत करने के लिए भी फलदायक माना जाता है।

उन्होंने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र पर यज्ञ करवाने से विद्यालय में योगदान देने वाले सभी कर्मचारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है और उनमें नई ऊर्जा का संचार होता है, जो उन्हें अपनी क्षमताओं का सवार्ेत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप प्राचार्या नीलम गौतम, विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शमा, प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली, विद्यालय का समस्त स्टाफ और कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुति दी तथा विद्यालय व स्वयं के भविष्य की मंगल कामना की। पूजा अर्चना के बाद सभी में प्रसाद वितरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोड़ा व समिति सदस्य जितेंद्र गोयल ने वर्चुअल माध्यम से नए सत्र के लिए विद्यार्थियों व अध्यापकों को शुभकामनाएँ दीं ।



**भिवानी।** नए सत्र पर प्रवेश उत्सव के दौरान हवन में आहुति डालते आनंद बासिया।

## थार की टक्कर से बाइक सवार चार लोग घायल

**बाढ़ड़ा।** गांव द्वारका व लाडावास के बीच थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। श्यामकलां निवासी मोहम्मद इशमाईल ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जिसके आधार पर बाढ़ड़ा थाना पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव श्यामकलां निवासी मोहम्मद इश्माईल ने बताया कि वह मोटरसाईकिल पर अपनी बहन हाजरा व भांजे इमरान उर्फ इब्राहिम व यूसूफ को काकड़ौली से अपने घर श्यामकलां लेकर जा रहा था। उसी दौरान रास्ते में द्वारका व लाडावास के बीच सती मंदिर के समीप सामने से आ रही एक थार गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वे सभी बाइक सहित सड़क पर गिर गए और उन्हें चोटें लगी। इसी दौरान गाड़ी चालक गाड़ी सहित मौके से भाग गया। बाद में राहगिरों ने उन्हें गोपी सीएचसी पहुंचाया जहां से उन्हें चरखी दादरी सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। मोहम्मद इस्माइल ने पुलिस को शिकायत देकर व गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर देकर गाड़ी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

---

# जनसभा में एक-एक कुर्सी का हिसाब प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा

- उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर रहेगी पूरी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार निर्वाचन आयोग की तय सीमा से अधिक राशि खर्च करता है तो जीत के बावजूद उसका परिणाम रद्द किया जा सकता है।

चुनाव खर्च पर निर्वाचन आयोग की पूरी निगरानी होगी और इसके लिए आधा दर्जन से अधिक टीमें गठित की गई हैं।

### एक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में 90 लाख रुपये तक की राशि ही कर सकता है खर्च

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार एक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में 90 लाख रुपए तक की राशि ही खर्च कर सकता है। जिले में चुनावी खर्च का हिसाब-किताब रखने के लिए टीमें बना दी हैं, ये टीमें चुनाव के दौरान खर्च पर निगाह रखने वाले ऑब्जर्वर के निर्देशानुसार कार्य करेंगी। चुनावी प्रक्रिया के दौरान तीन बार उम्मीदवार कार्यालय में आकर अपने खर्च का ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे। इसका एक शैडो रजिस्टर नोडल अधिकारी अपने पास रखेंगे, जिससे मिलान किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनावी खर्च के लिए गठित टीमें उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले प्रचार-प्रसार सामग्री, जनसभा के दौरान लगने वाले पांडाल व कुर्सी आदि की वीडियोग्राफी के माध्यम से खर्च का आंकलन करेंगी। इन सब चीजों के बाकायदा सरकारी रेट तय किए हैं। डीसी ने निर्देश दिए कि चुनावी खर्च निगरानी कार्य को बड़ी ही गंभीरता के साथ करें, किसी भी तरह से कोई चूक न रहे।

### स्वीप टीम ने मतदान के लिए ग्रामीणों को किया प्रोत्साहित

**बाढ़ड़ा।** जिला उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देश पर स्वीप टीम मंगलवार को जिला के गांव बादल व गुडाना पहुंची और ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्वीप टीम सदस्यों ने कहा कि मतदान करने से एक भी नागरिक पीछे नहीं रहना चाहिएए वोटिंग जितना अधिक होगी उतना ही हमारा लोकतंत्र मजबूत बनेगाए पांच साल में एक बार केंद्र सरकार को चुनने का मौका मिलता है जो समझदार मतदाता है वो अपने मतदान की अहमियत समझता व जानता है इसलिए स्वयं वोटिंग करता है और दूसरों को भी इसके लिए लगातार प्रेरित करने का प्रयास उसका रहता है। आज की युवा पीढ़ी इस विषय में जिस प्रकार जागरूक हो रही है वह सराहनीय है।

## हर क्षण का सदुपयोग करना चाहिए : शिवरत्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

जीवन के अंतिम चरण तक हर क्षण का सदुपयोग करना हम सभी का कर्तव्य होना चाहिए उक्त बात वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने प्राइमरी विंग की इंचार्ज रजनी भूटानी एवं सहायक कर्मचारी जगमोहन के विदाई सम्मान समारोह में स्टाफ को संबोधित करते हुए कहे। अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने कहा कि 35 सालों से एक शिक्षिका एवं 23 वषोंर् से जूनियर विंग इंचार्ज के पद पर आसीन होकर रजनी भूटानी ने अपने अथक परिश्रम से प्राइमरी विंग को बुलंदियों पर पहुंचाने का पूरा प्रयास किया है।ऐसी प्रतिभाएं सेवानिवृत्त भले ही हो जाएं फिर भी अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन से समाज का उत्थान करती रहें,इसी में जीवन की सार्थकता है। उन्होंने जीवन की उपयोगिता को समझाते हुए अंतिम क्षण तक उसका सदुपयोग करने की सलाह दी। दोनों कर्मचारियों को जीवन की दूसरी पारी की शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनकी दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर शिवरतन गुप्ता, घनश्याम दास सर्राफ ,पवन कुमार बुवानी वाला, विजयकिशन अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, प्राचार्या कमला गुरेजा, विद्यालय के पूर्व निदेशक ओपी जोशी ने पुष्प माला प्रदान करते हुए रजनी भूटानी व जगमोहन का सम्मान किया।



**भिवानी।** सेवानिवृति पर कर्मचारी को सम्मानित करते हुए।

---

### नकलरहित परीक्षा संचालन को लेकर कुलपति ने ली प्राचार्यों की बैठक

# पारदर्शी परीक्षा के लिए कॉलेजों का सहयोग जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय पूर्ण पारदर्शी एवं नकल रहित परीक्षाओं के सफल संचालन को कृत संकल्पित है और इसमें विश्वविद्यालय से संबंधित सभी कॉलेजों का पूर्ण सहयोग जरूरी है, ये विचार कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने विश्वविद्यालय के संबंधित कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि किसी विश्वविद्यालय का संपूर्ण विकास सबके सहयोग से ही संभव है। कॉलेज अपने स्तर पर विद्यार्थियों की समस्याओं के हल निकाले और जिन समस्याओं का हल विश्वविद्यालय के स्तर पर होना है, उनका हल शीघ्र एवं प्राथमिकता से निकाला जाएगा। उन्होंने नकल रहित परीक्षाओं के सफल संचालन, परीक्षा परिणाम, मूल्यांकन,पूर्व मूल्यांकन, समय से परिणाम घोषित करना, डीएमसी एवं डिग्री का समय पर प्रकाशन एवं मुद्रण व वितरण को लेकर प्राचार्यों से रूबरू हो सुझाव एवं सहयोग की मांग की। उन्होंने प्राचार्यों को आश्वस्त किया कि पिछली जो भी कमियां रहीं हैं, उनको दुरस्त कर सभी के सहयोग से पूर्ण पारदर्शिता के साथ नकल रहित परीक्षाओं का सफल संचालन किया जायेगा। उन्होंने विश्वविद्यालय की सभी प्रक्रियाओं के सफल संचालन के लिए संबंधित कॉलेज प्राचार्यों से सुझाव एवं सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में मौजूद कॉलेज प्राचार्यों ने सकारात्मक सुझाव दिए, जिनकी कुलपति ने सराहना की। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. ऋतु सिंह, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रोफेसर डीके मदान, परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन गुप्ता, प्रोफेसर मयंक किंगर, राजकुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ. यशवीर सिंह, डॉ. संजय गोयल, डॉ. राकेश भारद्वाज, आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** नकल रहित परीक्षा करवाने को लेकर कॉलेजों के प्राचार्यों को संबोधित करती वीसी प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी।

## प्राचार्य ने विद्यार्थियों को स्टेशनरी, ड्रेस और पुरस्कार देकर किया सम्मानित



**बवानीखेडा।** शहीद गुलाबसिंह पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षक।

**बवानीखेड़ा।** वीर शहीद गुलाब सिंह पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में प्रवेश उत्सव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विशेष भूमिका प्राचार्य आनंद कुमार शर्मा, प्रवक्ता यशबीर सिंह, प्रवक्ता कमलजीत, संजय ने अदा की। हवन-यज्ञ में स्टाफ, परिजनों व बच्चों ने आहुति डाली। प्रवेश उत्सव में प्राचार्य ने छात्राओं को स्टेशनरी, ड्रेस सहित अव्वल आने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य शर्मा ने कहा कि राजकीय विद्यालय में छात्र संख्या में बढ़ोतरी करनी है, क्योंकि राजकीय विद्यालय में अनुभवी स्टाफ कार्यरत है तथा बच्चों को घर से विद्यालय लेकर आने-जाने की सुविधा दी जा रही है, जिसका खर्च विभाग उठा रहा है, इसलिए सरकारी स्कूलों में बच्चों को दाखिल करवाएं।

## खबर संक्षेप



भिवानी। दुर्जनपुर की व्यायामशाला में योगाभ्यास करवाते गजानंद कौशिक।

### नियमित योग ही स्वस्थ जीवन का आधार: कौशिक

**भिवानी।** आयुष विभाग के निर्देशन एवं हरियाणा योग आयोग के सानिध्य में नियमित रूप से आयुष योग सहायक खंड बवानीखेड़ा के गांव दुर्जनपुर की व्यायामशाला में सुबह शाम नियमित योग कक्षा लगा रहे हैं। गांव के बच्चे बुजुर्ग महिला हर रोज शामिल होते हैं। आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक उपस्थितजन को नियमित योग आसन प्राणायाम शोधन क्रिया करवाकर सबका स्वास्थ्य सुदृढ़ बनाने का प्रयास करते हैं।

### निर्मला बनी भिवानी विस से नगर मंडल अध्यक्ष

**भिवानी।** आगामी चुनाव में महिलाओं की भागीदारी अहम होगी, जिसके लिए जरूरी है कि मजबूती के साथ भाजपा की नीतियों को प्रत्येक महिला तक पहुंचाया जाए। इसी कड़ी में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्षा चंदा गुप्ता ने जिले की चारों विधानसभाओं की मंडल अध्यक्षों एवं जिला कार्यकारणी के नामों की घोषणा की है। भिवानी विधानसभा के नगर मंडल से निर्मला लखेरा, ग्रामीण मंडल से सरस्वती उमरावत, केशल मंडल से अधिवक्ता ज्याति तंवर, विवेकानंद मंडल से पिंकी शांडिलय व जोनपाल मंडल से अनिता यादव को जिम्मेवारी सौंपी।

### समर्पण का उदाहरण है श्रीकृष्ण का जीवन

**चरखी दादरी।** जीवन की हर परिस्थिति दुःख, सुख को एक समान मानकर अपने कर्तव्यों का पूर्ण समर्पण से निर्वहन करना ही सच्ची प्रभु भक्ति है। जीवन में हर स्थिति में तटस्थ रहकर ही मानव अपने जीवन की संपूर्णता व प्रभु को पाया जा सकता है। भारतीय संस्कृति व परंपराओं का सारा सार श्रीमद भागवत में समाया हुआ है। यह वह ज्ञान गंगा है जिसमें डुबकी लगाने वाला मानव जीवन महासमर से मुक्त हो जाता है, ये बात शंकर कॉलोनी में साप्ताहिक भागवत कथा के दूसरे दिन करिश्मा भट्ट ने कही। श्रीकृष्ण का जीवन समर्पण, मानवता के प्रति प्रेम, त्याग, तपस्या का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है।

## सरकार को चेताया, 35400 वेतनमान नहीं तो नहीं करेंगे मतदान

# वेतनमान को लेकर फिर लामबंद हुए क्लर्क, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

- सरकार ने क्लर्कों के वेतन में बढ़ोत्तरी नहीं की तो करेंगे मतदान का बहिष्कार : प्रधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी एक बार फिर से 35400 वेतनमान की मांग को लेकर लांबंद्ध हो गई तथा वेतनमान बढ़ोत्तरी को लेकर क्लर्क आगामी रणनीति बनाने में जुट गए है। इसी कड़ी में सीएडब्ल्यूएस के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को लघु सचिवालय में हुई। बैठक में वेतनमान बढ़ोत्तरी को लेकर तरस रहे क्लर्कों ने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बार-बार क्लर्कों से विश्वासघात कर रही है, जिसे अब क्लर्क बर्दाश्त नहीं करेंगे। क्र्लकों ने सरकार को चेताता हुए चुनाव में मतदान नहीं करने एवं चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया हैं। बैठक के उपरांत सीएडब्ल्यूएस जिलास्तर पर कार्यकारिणी को मजबूत करने के लिए जिले की नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमे नरेश सिंहमार (पीडब्लूडी) को जिला प्रधान, अनिल दहिया को सचिव, विजय वर्मा को उपप्रधान और कृष्ण को कोषाध्यक्ष बनाया। स्टेट बॉडी को मजबूत करने के लिए रामकिशोर को चुना गया। इस मौके पर राज्य प्रधान गणेश, महासचिव अनिल ग्रेवाल, जिला प्रधान नरेश सिंहमार व उपप्रधान विजय वर्मा ने कहा कि 35400 वेतनमान की मांग को लेकर क्लर्क पिछले लंबे समय से संघर्षरत्त है, लेकिन सरकार क्लर्कों को उनके ही अधिकारों से वंचित कर रही है। उन्होंने कहा कि क्लर्क अब संघर्ष के मूड में है तथा नौ जून को मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर वेतनमान बढ़ोत्तरी की मांग उठाएंगे। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक दल क्लर्कों का वेतनमान 35400 करेगा, वे उसी को वोट देंगे और उसका समर्थन करेंगे, नहीं तो क्लर्क मतदान का पूर्णरुप से बहिष्कार करेंगे। उन्होंने सरकार को चेताया की बार बार क्लर्कों के साथ वादा खिलाफी से वे काफी आहत हैं और अब वे 35400 वेतनमान से नीचे कोई समझौता नहीं करेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान संदीप धनखड़ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।







भिवानी। 35400 वेतनमान की मांग को लेकर विरोध जताते लिपिक तथा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### कोरोना कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

- कोरोना कर्मचारी एसोसिएशन चार को मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ का करेगी घेराव

**चरखी दादरी।** कोरोना कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक जिला प्रधान मनीषा सोनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कोरोनाकाल में सेवा देने वाले अनियमित कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद नियुक्ति की मांग को कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रधान सोनी ने बताया कि कोरोना के बाद अनियमित कर्मचारियों को सेवामुक्त कर दिया था और लंबे संघर्ष के बाद सरकार ने कुछ कर्मियों को दोबारा नियुक्ति दी, लेकिन करीब 190 कर्मचारियों को नौकरी बहाल नहीं की, जिसके चलते अधिकारियों व सरकार की मंशा से कर्मचारियों में रोष है। पूरे प्रदेश के बचे हुए साथियों के साथ उनका परिवार काफी विकट स्थिति में हैं। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से बचे हुए साथियों की नौकरी बहाली के लिए संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया। प्रदेश कार्यकारिणी के निर्देशानुसार आगामी चार अप्रैल को मुख्यमंत्री चंडीगढ़ आवास का घेराव करने का निर्णय लिया, जिसमें दादरी जिले के ज्यादा से ज्यादा साथी सहभागिता करेंगे। सोनी ने बताया कि प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष 10 अक्टूबर को बजट जारी करने के बाद प्रदेश में से 826 में से 636 कोरोना योद्धाओं को नियुक्ति दी है और पूरे प्रदेश में करीबन 190 कोरोना योद्धा बहाली का इंतजार कर रहे हैं। कोरोना कर्मियों ने आरोप लगाया कि उच्चाधिकारी जान बूझकर सरकार की छवि खराब करने के लिए लापरवाही बरत रहे हैं। इस संबंध में फाइनेंस डिपार्टमेंट से मंजूरी के बाद भी फाइल को दोबारा गलत तरीके से घुमाकर फाइनेंस डिपार्टमेंट में भेज दिया, जिससे गरीब कोरोना योद्धाओं का हक व रोजगार न देकर उनके परिवारों के पेट पर लात मारने का काम किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि कल तक सभी बचे 190 कोरोना योद्धाओं की नौकरी बहाली नहीं हुई तो चार अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर सकसं के कृष्ण फोगाट, कमलेश भैरवी, सिंटू बलौदा व बबीता सैनी आदि उपस्थित थे।



भिवानी। आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में बाल फेंकते हुए। फोटो : हरिभूमि

## चौथे दिन भी जारी रही भिवानी प्रीमियर लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- कमांडर वारियर्स व बवानीखेड़ा फाइटर्स ने जीते क्रिकेट मैच

अमित वशिष्ठ फाउंडेशन द्वारा रणजी खिलाड़ी स्व. अमित वशिष्ठ की याद में गांव रेवाड़ीखेड़ा के ठाकुर आजाद सिंह खेल स्टेडियम में आयोजित की जा रही भिवानी प्रीमियर लीग के चौथे दिन मंगलवार को खेल की शुरूआत दीपक सरपंच और दुष्यंत वशिष्ठ ने दीप प्रज्जवलित कर की। इसके उपरांत दोनों अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय लिया तथा टॉस करवाकर मैच का शुभारंभ करवाया। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मंगलवार को पहला मुकाबला तोशाम टाईगर्स और कमांडर वारियर्स के बीच खेला गया। कमांडर वारियर्स ने टॉस जीकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। तोशाम टाईगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 194 रन बनाए। सर्वाधिक रन राजदीप ने 53 रन बनाए। अनुज तंवर और रोहित सिंह ने 33.33 रन बनाए। विपिन व मोहित ने दो-दो विकेट चटकाए। कमांडर वारियर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हूए 19.3 ओवर में 6 विकेट से मैच जीत लिया। राहुल ने 15 चौके व एक छक्के की मदद से 51 गेंदों में 86 रन बनाए। बिंटू राणा ने 56 रन बनाए। दीपांशु ने 23 रन बनाए। इसी के साथ राहुल मैच ऑफ दि मैच चुने गए। जितेंद्र शर्मा ने बताया कि दूसरा मैच बवानीखेड़ा फाईटर्स और दादरी डेविल्स के बीच हुआ। दादी डेविल्स ने टॉस जीकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 125 रन बनाए। सर्वाधिक कुलदीप ने 125 रन बनाए। गेंदबाजी में सचिन ने 3 विकेट लिए। कप्तान नरेश तंवर और अजीत ने भी 2.2 विकेट लिए।

### कप्तान नरेश तंवर मैन ऑफ द मैच रहे

बवानीखेड़ा फाईटर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 विकेट से मैच को जीता। सर्वाधिक रन कप्तान नरेश तंवर ने 39 गेंदों में 54 रन बनाए। जिसमें 9 चौके लगाए और आशीष ने 44 रन बनाए। कप्तान नरेश तंवर मैन ऑफ दि मैच रहे। उन्होंने बताया कि सोमवार देर सांय आयोजित तीसरे दिन का दूसरा मैच लोहाय लासंय और सिवानी चैलेंर्स के बीच खेला गया। जिसमें लोहारू लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 137 रन बनाए। विनोद कुमार ने 61 रन सर्वाधिक बनाए। सिवानी चैलेंसर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट से मैच जीत लिया। विकास ने नाबाद 40 रन बनाए व यश ने 29 और करण ने 27 रन बनाए। अजय राठौर ने दो विकेट चटकाए और मैन ऑफ दि मैच चुने गए।

## प्ले स्कूल में बच्चों को पारितोषिक देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

शंकर कॉलोनी स्थित फस्ट स्टेयर प्ले स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया। समारोह में बच्चों के अभिभावकों ने बच्चों के साथ मिलकर सम्मान हासिल किया। विद्यालय की इंचार्ज वंदना शर्मा ने अच्छे वार्षिक परिणाम के लिए अध्यापकों अभिभावकों एवं बच्चों को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि हम सभी अध्यापक एवं फस्ट स्टेयर स्कूल मैनेजमेंट बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध हैं। उन्होंने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि सभी होनहार एवं मेहनती विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया है। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय अभिभावकों एवं अध्यापकों के मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत को दिया। स्कूल अध्यापिका वंदना, महिमा, ज्योति, सोनिया एवं निशा ने नए सत्र के लिए अभिभावकों से सुझाव आमंत्रित किए एवं अभिभावकों का आभार जताया।



चरखी दादरी। बच्चों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

# कम मतदान वाले बूथों पर रहेगा जागरुकता अभियान पर जोर

- मतदाताओं को स्वीप अभियान के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए किया जाएगा प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए बनाई विशेष योजना : डीसी

उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान को लेकर विगत लोकसभा चुनाव में सामान्य से कम मतदान वाले बूथों को चुना गया है। इन बूथों के क्षेत्र में सांस्कृतिक व नुक्कड़ नाटकए जागरूकता रैली व महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वीप अभियान को लेकर सभी नोडल अधिकारियों को भी जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

लोकसभा चुनाव.2024 में जिला में अधिक से अधिक मतदान को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के निर्देशानुसार प्रशासन ने जागरूकता अभियान की विशेष योजना तैयार की है। इसके लिए विगत लोकसभा चुनाव.2019 में जिला में कम मतदान वाले क्षेत्रों को चुना गया है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दस.दस पोलिंग बूथों को चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों में स्वीप अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का विशेष जोर रहेगा। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा। इस बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी उल्लेखनीय है कि लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए स्वीप के तहत जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। जागरूकता कार्यक्रमों में नागरिकों को उनके वोट के महत्व के बारे में बताया जाता है। लेकिन कुछ इलाके ऐसे रह जाते हैं जहां पर किसी न किसी कारणवश मतदान प्रतिशत सामान्य से कम रहता है। पिछले लोकसभा चुनाव.2019 में भी जिला में कुछ इलाके ऐसे रहे हैं, जहां पर मतदान सामान्य से कम रहा है। लेकिन अबकी बार जिला प्रशासन का पुरजोर प्रयास है कि इन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत को बढाया जाए। इसके लिए स्वीप के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा विगत लोकसभा चुनाव में हुए मतदान के प्रतिशत के आधार पर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से दस.दस बूथों का चयन किया गया है, जहां पर मतदान प्रतिशत कम रहा था। कम मतदान वाले इन सभी बूथों पर स्वीप अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्त्रम आयोजित कर मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाएगा।

पिछले लोकसभा चुनाव.2019 की बात की जाए तो जिला में भिवानी विधानसभा क्षेत्र भिवानी शहर में बूथ नंबर 132 में 44.97 प्रतिशत तथा बूथ नंबर दो में 45.72 प्रतिशत, बूथ नंबर तीन में 47.37 प्रतिशत, बूथ नंबर 31 में 47.43 प्रतिशत, बूथ नंबर 37 में 48.91 प्रतिशत तथा बूथ नंबर 38 में 48.92 प्रतिशत मतदान हुआ था। गांव प्रहलादगढ़ के बूथ नंबर 182 में 46.36 प्रतिशत, नंदगांव में बूथ नंबर 224 पर 47.89 प्रतिशतए नंदगावं में बूथ नंबर बूथ नंबर 225 पर 48.59 प्रतिशतए मानहेरू में बूथ नंबर 208 पर 48.63 प्रतिशत मतदान हुआ था।

लोहारू में गांव झूप्पा खुर्द में बूथ नंबर 57 पर 58.12 प्रतिशतए बूथ नंबर 156 कुड़ल में 59.06 प्रतिशतए, बूथ नंबर 217 लोहारू में 60.02 प्रतिशत, बूथ नंबर 240 सोहासड़ा में 60.06 प्रतिशत,बूथ नंबर 54 घंघाला में 60.25 प्रतिशत, बूथ नंबर 219 लोहारू में 60.65 प्रतिशत,बूथ नंबर 53 घंघाला में 61.78 प्रतिशत, बूथ नंबर 22 सिवानी में 61.96 प्रतिशत, बूथ नंबर 218 लोहारू में 62.27 प्रतिशत तथा बूथ नंबर 82 मंढ़ोली कंला में 62.90 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसो. की बैठक

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी युनिट कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक एसोसिएशन के जिला प्रधान बालमुकंद बापोड़ा की अध्यक्षता में तोशाम पुल के पास पुराने बिजली घर में हुई। बैठक में त्रिवार्षिक चुनाव बारे विचार विमर्श किया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पांच अप्रैल शुक्रवार को नेहरू पार्क में चुनाव करवाने का निर्णय लिया। बैठक का संचालन महासचिव बीडी भारद्वाज ने किया। बैठक में निगम के अधिकारियों के कार्यालयों में लंबित पड़े मांगपत्रों पर चर्चा की। पैंशनर्ज के कार्य नहीं होने पर रोष प्रकट किया और निर्णय लिया कि वे अधिकारियों से मिलकर कार्य आरंभ करवाए जाएंगे। बैठक में आरके चावला, राजपालू सिंह चाहर, केके वर्मा, ओपी रंगा, फतेहसिंह, सुरेश नागपाल, सतबीर, कपूर सिंह ग्रेवाल, कुरड़ाराम, रामनिवास आदि ने विचार रखे।



भिवानी। बच्चों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### आदर्श शिक्षण संस्थान में विश्व ऑटिज्म जागरुकता दिवस मनाया

**भिवानी।** आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर व स्पेशल स्कूल के प्रांगण में ऑटिज्म पर्व मनाया। इस अवसर पर संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण ने दिव्यांग बच्चों ,प्रशिक्षकों, शिक्षक व शिक्षिकाओ को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है ताकि ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के लिए अपना समर्थन एवं जागरूकता बढ़ाने में मदद मिल सके। बच्चों को व्यवहारिक थेरेपी, स्पीच थेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी से काफी हद तक समाज की मुख्य धारा में लाया जा सकता है हम इनका सहयोग करते हैं तो यह भी हमारे समावेशी समाज का अंग बनेंगे। इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ. सरिता श्योराण प्रिंसिपल, अनीता वर्मा, शारदा शर्मा, डॉक्टर हरिकिशन शर्मा, रिंकू कुमार, विनोद,संदीप, मंजू, अंजू,प्रवीण जांगड़ा, कुलवंत सिंह, मीनाक्षी, बजरंग, देवेंद्र, पवन, बुलबुल ,राजेंद्र आदि स्टाफगण उपस्थित रहे।

### बिना हस्तक्षेप के हुई अंतिम दिन की परीक्षाएं

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने जारी एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि आज अन्तिम दिन सीनियर सैकेण्डरी शैक्षिक व मुक्त विद्यालय सैनिक विज्ञान व नृत्य व मनोविज्ञान एवं संस्कृत व्याकरण भाग.1 ;आर्ष पद्धति गुरूकुल व परम्परागत संस्कृत विद्यापीठ विषयों की परीक्षा नकल रहित सुव्यवस्थित ढ़ंग से संचालित हुई तथा अनुचित साधन प्रयोग का कोई भी मामला दर्ज नहीं हुआ। डॉ. वीपी यादव ने बताया कि उनके स्वयं के उडऩदस्ते द्वारा जिला.भिवानी के परीक्षा केन्द्रों तथा बोर्ड सचिव के उडऩदस्ते द्वारा भी भिवानी के राक वमावि एवं आर्य कन्या हाई स्कूल परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

## पूर्ण रूप से बंद हों अवैध कोचिंग सेंटर और प्ले स्कूल : रामअवतार शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- कोचिंग अकेडमी एक्ट को सख्ती से लागू करे सरकार
- कार्रवाई में कोताही बरतने वाले अधिकारियों को दी चेतवानी

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने मंगलवार को जारी बयान में शहर और प्रदेश में चल रही अवैध कोचिंग अकेडमी और प्ले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर अमित डागर, कर्म मिरग, संजीव श्योराण, धन सिंह अग्रवाल, शमशेर सिंह, अजय गुप्ता, दीपक शर्मा, परवीन सोनी ०अन्य स्कूल संचालक मौजूद थे। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार शर्मा ने कहा कि पिछले तीन वर्षो् से एसोसिएशन कोचिंग अकेडमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करता रहा है। और पिछले सत्र तक तो कोचिंग अकेडमी के लिए किसी प्रकार के नियम नहीं थे, लेकिन बच्चों के हित को देखते हुए दो महीने पहले केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों को कोचिंग अकेडमी के लिए गाइड लाइन जारी की। इसके बाद एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल बार.बार उच्च शिक्षा मंत्री ०शिक्षा विभाग के अधिकारीयों से मिला और केंद्र सरकार की गाइडलाइन प्रदेश में लागू करने का अनुरोध किया। ये एसोसिएशन के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम था कि सरकार ने कोचिंग अकेडमी को मान्यता देने के लिए नियम और अर्थॉरिटी बना दी। नियम और अर्थॉरिटी तो बन गए हैं लेकिन अभी तक न ही सरकार ने, न शिक्षा विभाग ने कोई सुध ली और अवैध कोचिंग अकेडमी पहले कि तरह ही चल रही हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से पेरेंट्स से अनुरोध किया कि वो अपने बच्चों का एडमिशन मान्यता प्राप्त स्कूलों में ही करवाएं क्यूंकि बच्चों का सर्वांगीण विकास सिर्फ स्कूलों में ही सम्भव है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## विश्राम गृहों सहित सरकारी भवनों में कोई भी राजनीतिक गतिविधियां न होने पाएं

# चुनाव प्रचार से दूर रहें अधिकारी-कर्मचारी, जा सकती है नौकरी

- आदर्श आचार संहिता का हर हाल में हो पालन टीम तालमेल की भावना से करें चुनाव कार्य



उपायुक्त मनदीप कौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने जिले के अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का दृढ़ता से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को जिले में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करवाना सुनिश्चित करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आचार संहिता की स्थिति में सरकारी विभाग ऐसा कोई भी कार्य न करे, जिससे किसी को सीधे तौर पर व्यक्तिगत लाभ मिलें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधीनस्थ कोई भी कर्मचारी चुनाव प्रचार में हिस्सा न ले, अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी चुनाव प्रचार में संलिप्त मिला है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके सख्त कार्रवाई की जाएगी और ऐसे कर्मचारी को निलंबित अथवा निष्कासित भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि विश्राम गृहों सहित सरकारी भवनों में कोई भी राजनीतिक गतिविधियां न हो, इसी प्रकार शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलों को भी चुनाव प्रचार के संबंध में प्रयोग नहीं किया जा सकता, अगर ऐसा किया तो दोषी के खिलाफ चुनाव आयोग के नियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### पहले से शुरू कार्यों को दें गति

उपायुक्त ने इंजीनियरिंग विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की तिथि के बाद कोई भी नया कार्य आरंभ नहीं किया जा सकता है, जो कार्य धरातल पर पहले से शुरू हैं, वे लगातार जारी रहेंगे। विकास कार्य से संबधित रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय ने सभी विभागों से पहले ही मंगवा ली है।

### अधिकारियों को जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिले के सभी अधिकारियों को चुनाव के दौरान जिला मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने तक किसी भी समय जिला के अधिकारियों की आवश्यकता पड़ सकती है। उन्होंने कहा है कि आदेशों की अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू
12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET
S.S.C.
अग्निवीर
C.E.T.
रेलवे
N.D.A.
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973